लोक सभा अध्यक्ष ने बारामुल्ला जिले में उरी में सेना के जवानों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया

कैंप ऑकलैंड, 18 सितम्बर, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन, जो न्यूज़ीलैंड में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं, ने जम्मू और कश्मीर के बारामुल्ला जिले में उरी में सेना शिविर पर हुए आत्मघाती हमले में कई जवानों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया है । अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा : ' मुझे यह जानकर बहुत दुःख हुआ है कि जम्मू और कश्मीर के बारामुल्ला जिले में उरी में आतंकवादियों द्वारा किये गए कायरतापूर्ण हमले में हमारे अनेक जवानों की जानें गईं हैं । समय आ गया है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा करे और इस खतरे को दूर करने के लिए संयुक्त वैश्विक प्रयास किये जाएं । आतंकवाद के विरुद्ध हम सब को एक हो जाना चाहिए और वसुधेव कुटुम्कम की भावना को प्रोत्साहित करना चाहिए । '

श्रीमती महाजन ने उन लोगों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की है जो शनिवार रात को अमेरिका में मैनहैट्टन में हुए विस्फोट में घायल हुए हैं । उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है ।

श्रीमती महाजन ने आज भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह विचार व्यक्त किये।